उत्तरप्रदेशपावरट्रान्समिशनकारपोरेशनलिमिटेड

(उ0प्र0 सरकारका उपक्रम)

U.P. POWER TRANSMISSION CORPORATION LIMITED

(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)

शक्तिभवन, 14 अशोकमार्ग, लखनऊ।

संख्याः 4667–पारे0अनु0–16 / पाट्राकालि / 2018 दिनांकः 24 दिसम्बर, 2018

कार्यालय ज्ञाप

उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 द्वारा टैरिफ बेस्ड काम्पटीटिव बिडिंग आधार पर पी0पी0पी0 पद्धति द्वारा सम्पादित करायी जा रही परियोजनाओं के क्रियान्वयन / निष्पादन हेतु निदेशक (कार्य एवं परियोजना) के अधीन एक नये पी0पी0पी0 प्रकोष्ठ का एतद्द्वारासृजनकिया जाता है।

उक्त प्रकोष्ठ के सृजन के फलस्वरूप, मुख्य अभियन्ता 765 के0वी0 परिकल्पना इकाई, शक्ति भवन, लखनऊ के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन कार्यरत 03 परिकल्पना मण्डलों में से 765 / 400 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र परिकल्पना मण्डल–प्रथम द्वारा सम्पादित कराये जा रहे 765 / 400 के0वी0 उपकेन्द्रों से सम्बन्धित कार्य 765 / 400 के0वी0 उपकेन्द्र परिकल्पना मण्डल–द्वितीय द्वारा देखे जायेंगे तथा पी0पी0पी0 से सम्बन्धित कार्य उक्त नवसृजित प्रकोष्ठ द्वारा देखे जायेंगे और इस प्रकार 765 / 400 के0वी0 उपकेन्द्र परिकल्पना मण्डल–प्रथम का अस्तित्व समाप्त हो जायेगा तथा 765 / 400 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र परिकल्पना मण्डल–द्वितीय अब 765 / 400 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र परिकल्पना मण्डल के नाम से जाना जायेगा।

उक्त के फलस्वरूप, मुख्य अभियन्ता, 765 के0वी0 परिकल्पना इकाई, शक्ति भवन, लखनऊ के अधीन अब 03 मण्डलों के स्थान पर निम्नांकित 02 मण्डल ही कार्यरत होंगे :–

1. 765 / 400 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र परिकल्पना मण्डल, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
2. 765 / 400 के0वी0 पारेषण परिकल्पना मण्डल, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।

उक्त के क्रम में यह भी आदेशित किया जाता है कि मुख्य अभियन्ता 765 के0वी0 परिकल्पना इकाई, शक्ति भवन, लखनऊ के अधीन पूर्व में कार्यरत तीन परिकल्पना मण्डलों हेतु स्वीकृत अधीक्षण अभियन्ता के 03 पदों, अधिशासी अभियन्ता के 09 पदों एवं सहायक अभियन्ता के 24 पदों को उपरोक्तानुसार किये गये पुनर्गठन के फलस्वरूप कम करते हुये, अब इन दो मण्डलों हेतु अधीक्षण अभियन्ता के 02 पद, अधिशासी अभियन्ता के 07 पद एवं सहायक अभियन्ता के 20 पद स्वीकृत किये जाते हैं।

उपरोक्तानुसार, उपलब्ध हुये अधीक्षण अभियन्ता का 01 पद, अधिशासी अभियन्ता के 02 पद एवं सहायक अभियन्ता के 04 पद को नवसृजित पी0पी0पी0 प्रकोष्ठ हेतु आवंटित किया जाता है।

इस नवसृजित पी0पी0पी0 प्रकोष्ठ का सृजन निम्नांकित शर्तों के अधीन होगा :–

1. ढांचा :– यह प्रकोष्ठ मुख्य अभियन्ता (सी0एम0यू0टी0) के पर्यवेक्षण में निदेशक (कार्य एवं परि0) से सम्बद्ध रहेगा एवं उनके प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य करेगा।
2. सम्पादित किये जाने वाले कार्यों का विवरण :– टैरिफ बेस्ड काम्पटीटिव बिडिंग आधार पर पी0पी0प0 पद्धति पर निष्पादित की जाने वाली परियोजनाओं के समस्त कार्य।
3. अधिकारियों के स्वीकृत पद (वै0 एवं याँ0 संवर्ग) :–
   - (i) अधीक्षण अभियन्ता – 01
   - (ii) अधिशासी अभियन्ता – 02
   - (iii) सहायक अभियन्ता – 04
4. उक्त प्रकोष्ठ के व्यावहारिक / भौतिक क्रियान्वयन हेतु अपेक्षित अन्य व्यवस्थायें निदेशक (कार्य एवं परियोजना) द्वारा नियमानुसार उपलब्ध करायी जायेगी।

प्रबन्ध निदेशक

सं0–4667(i) पारे0अनु0–16 / पाट्राकालि / 2018, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. अध्यक्ष / प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ के निजी सचिव।
2. समस्त निदेशक, उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन / विस्तार, लखनऊ के निजी सचिव।
3. समस्त मुख्य अभियन्ता, पारेषण / जानपद पारेषण क्षेत्र।
4. उप महाप्रबन्धक (वित्त एवं भुगतान इकाई), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
5. लेखाधिकारी (वेतन एवं लेखा), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
6. वेबसाइट।

(ए0के0 श्रीवास्तव)
उपसचिव (पारेषण)